# यौन रोग शोध प्रयोगशाला परीक्षण

# Venereal Disease Research Laboratory (VDRL) Test

# उद्देश्य



- शोध प्रयोगशाला में यौन रोगों के परीक्षण के बारे में जानना।

# परिचय

1 वी.डी.आर.एल. एक खून की जांच है जिससे यह पता चलता है कि गर्भवती महिला को सक्रिय सिफलिस संक्रमण है या नहीं।

2 सिफलिस एक यौन संचरित संक्रमण है जो स्पाइरोशे बैक्टीरिया ट्रेपोनेमा पैलिडम द्वारा फैलता है जो कि पैलिडम उप–प्रजाति का है। यह संक्रमण यौन संपर्क के माध्यम से होता है। गर्भावस्था या जन्म के समय यह रोग मां से शिशु या गर्भ में पल रहे भ्रूण को संक्रमित कर सकता है, जिसके कारण पैदाईशी सिफलिस होता है।

# परिचय

3 आंरम्भिक अवस्था में सिफलिस की चिकित्सीय पहचान कठिन है।

4 सिफलिस की पुष्टि खून की जांच या माइक्रोस्कोपी का उपयोग करते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखकर की जाती है।

5 आमतौर पर खून की जांच कर सिफलिस का पता लगाया जाता है क्योंकि इस तरीके से आसानी से सिफलिस की जांच की जा सकती है।

# परिचय

6 सिफलिस का पता लगाने के लिए किए जाने वाली खून जांच को नॉनट्रेपोनमल और ट्रोपनेमन परीक्षण कहा जाता है।

7 नॉनट्रेपोनमल परीक्षण आंरभिक रूप से उपयोग किए जाते हैं और इनमें यौन रोग शोध प्रयोगशाला (VDRL) और रैपिड प्लाज़मा रियाजिन परीक्षण शामिल है।

# परिचय

8 वी.डी.आर.एल. की जांच चिकित्सालय की प्रयोगशाला में ही की जाती है।

9 खून का नमूना लेने के 10 मिनट के भीतर ही जांच की जानी जरूरी है।



# उपकरण

1. डिस्पोजेबल सिरिंज
2. ग्लव्ज़, स्पिरिट, स्वाब, ट्यूर्निकेट
3. साफ परखनली (टेस्ट ट्यूब)
4. सेन्ट्रीफ्यूज मशीन
5. इन्क्यूबेटर, टाईमर
6. वी.डी.आर.एल. शेकर मशीन
7. माइक्रोपिपेट/प्लास्टिक ड्रॉपर
8. वी.डी.आर.एल. किट/आर.पी.आर. किट



# सेम्पल लेने का तरीका

1. गर्भवती महिला का लैब रिकॉर्ड संधारण करने के बाद महिला की बाँह पर ट्यूर्निकेट बाँध कर महिला की त्वचा को स्पिरिट स्वाब से साफ करें।

2. महिला का सावधानी से डिस्पोजेबल सिरिंज से 2 मि.ली. रक्त नमूना लेकर साफ काँच की परखनली/टेस्ट ट्यूब में डाल लें।

3. इस परखनली को 10 से 15 मिनट के लिए रखें जिससे रक्त जम जायेगा।

# जाँच विधि

1 जमे हुए रक्त नमूने को सेन्ट्रीफ्यूज मशीन में 8 से 10 मिनट तक घूमायें जिससे रक्त से सिरम निकल कर अलग हो जायेगा।

2 किट को उपयोग में लेने से पहले उसे कमरे के तापमान पर लाएं।


# जाँच विधि

3 सिरम की एक बूंद निकाल कर किट में दिये साफ वी.डी.आर.एल. प्लेट पर डालें अब इसमें वी.डी.आर.एल. रिजेन्ट की एक बूंद मिला कर अच्छी तरह मिक्स करें।

4 इस प्लेट को वी.डी.आर.एल. शेकर मशीन पर रख कर तीन मिनट तक घूमायें।

# जाँच परिणाम

| | |
|---|---|
| वी.डी.आर.एल. प्लेट पर कोई सम्मूहन नहीं | नकारात्मक |
| वी.डी.आर.एल. प्लेट पर आंशिक सम्मूहन | कम सकारात्मक |
| वी.डी.आर.एल. प्लेट पर सम्मूहन | सकारात्मक |



# सारांश

- गर्भावस्था के दौरान हर गर्भवती महिला का वी.डी.आर.एल. परीक्षण किया जाना चाहिए।
- वी.डी.आर.एल. परीक्षण से यदि गर्भवती महिला में संक्रमण की पहचान होती है तो शिशु को संक्रमण से बचाने हेतु सही समय पर उपचार किया जा सकता है।
- वी.डी.आर.एल. परीक्षण हेतु गर्भवती महिला को उच्च संस्था पर रैफर करें।



# धन्यवाद